(c) if so, the facts and details thereof?

THE MINISTER OF STATE OF THE MINISTRY OF PETROLEUM AND NATURAL GAS (CAPTAIN SATISH SHARMA): (a) Yes, Sir.

(b) The Government have not received any such proposal.

(c) Does not arise.

कानपुच में पेट्रोल/डीजल के लिए खुदरा दुकानों और डीलरशिपों का आबंटन

2467. **श्री सुब्रह्मणयम स्वामी** : क्या **पेट्रोलियम और प्राकृतिक** गैस मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) कानपुर मे मई-जून, 1991 में मंत्री के विवेकाधीन कोटे से इण्डियन आयल कारपोरेशन द्वारा पैट्रोल/डीजल के लिए आवंटित खुदरा दुकानों और डीलरशिपों का ब्यौरा क्या है

(ख) 1992 और 1993 मे इनमे से कितनी दुकानों/डीलरशिपो का मंत्रालय द्वारा बाद में पुनरीक्षण किया गया और उन्हें स्वीकृति प्रदान की गई तथा उनका ब्यौरा क्या है :

(ग) क्या ये दुकानें/डीलरशिप चाल हो गयी हैं ;

(घ) यदि नही, तो उसके क्या कारण है ;

(ङ) क्या लखनऊ में स्थित इण्डियन आयल कारपोरेशन के क्षेत्रीय कार्यालय ने ऐसे किन्हीं मामलों में दुकानों और डीलरशिपों को किसी अन्य स्थान पर खोलने का सुझाव दिया है ;

(च) क्या पैट्रोलियम मंत्रालय को संसद सदस्यों से किसी खुदरा दुकान या डीलरशिप को किसी अन्य स्थान पर खोलने के लिये कोई सिफारिश प्राप्त हुई हैं ; और

(छ) यदि हां, तो मंत्रालय द्वारा इन सिफारिशों पर अब तक क्या कार्रवाई की गयी है ?

पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय के राज्य मंत्री (कैप्टन सतीश शर्मा) : (क) और (ख) सरकार के विवेकाधीन अधिकारों के अन्तर्गत मई-जून, 1991 के दौरान कानपुर में आई०ओ० सी० के माध्यम से एक खुदरा डीलरशिप आवंटित की गई थी। किन्तु जून, 1991 में उस पर रोक लगा दी गई थी। पुनरीक्षा के बाद मई, 1992 में कारपोरेशन की डीलरशिप चालू करने के लिये कार्यवाई करने की सलाह दी गई।

(ग) और (घ) आबंटिति ने खुदरा बिक्री केन्द्र चालू नहीं किया है क्योंकि उसने आवटित स्थान पर स्थल प्राप्त नहीं किया और बाद में दुबारा स्थान देने के लिय अनुरोध किया।

(ङ) और (च) जी हा।

(छ) यह मामला सरकार के विचाराधीन है।

वियतनाम में तेल और प्राकृतिक गैस आयोग द्वारा तेल की खोज

2468. **श्री मूलचन्द मीणा** : क्या **पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या तेल और प्राकृतिक गैस आयोग (समुद्रपारीय विभाग) द्वारा वियतनाम में तेल की खोज के लिए किए गए खुदाई कार्य के दौरान तेल और प्राकृतिक गैस का भंडार मिला है ;

(ख) यदि हां, तो इस क्षेत्र में तेल एवं प्राकृतिक गैस का कितना उत्पादन होने की संभावना है ; और